भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- †1724

उत्तर देने की तारीख- 01/08/2024

महाराष्ट्र में जनजातीय छात्रावासों का निर्माण

†1724. डॉ. नामदेव किरसान:

क्या जनजातीय कार्य राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र में 2019-24 से जनजातीय छात्रावासों के निर्माण के लिए प्रदत्त निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) महाराष्ट्र के जिलों में निर्मित छात्रावासों के नाम का ब्यौरा क्या है; और

(ग) महाराष्ट्र में निर्माणाधीन तथा अभी तक निर्माण शुरु नहीं किए गए छात्रावासों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क) से (ग): जनजातीय कार्य मंत्रालय अनुच्छेद 275(1) के तहत अनुदान के अंतर्गत जनजातीय समुदायों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और बुनियादी ढांचे के विकास आदि के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर राज्य सरकार को निधियाँ प्रदान करता है। राज्य सरकार ने निम्नलिखित छात्रावास के लिए मंत्रालय से निधियों की मांग की है।

क्र.सं.	गतिविधियाँ	स्थान	स्वीकृत राशि (लाख रुपए में)
1.	राज्य बजट के साथ अभिसंरण में चिंचघाट और आश्रम स्कूल परिसर में लड़कों और लड़कियों के लिए मॉडल छात्रावासों का निर्माण (पीओ आईटीडीपी पंढरकावड़ा)	चिंचघाट, यवतमाल	1500.00

इसके अलावा, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत पीवीटीजी के लिए छात्रावासों का निर्माण मिशन के तहत पहचाने गए उपायों (हस्तक्षेपों) में से एक उपाय है। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीवीटीजी समुदायों के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत महाराष्ट्र राज्य में 04 छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं।

इसके अलावा, महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा महाराष्ट्र में जनजातीय छात्रावासों के निर्माण के लिए वर्ष-वार उपलब्ध कराई गई निधियाँ निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	वर्ष	राशि लाख रु. में
1	2019-20	Rs.8449.64
2	2020-21	Rs.26218.18
3	2021-22	Rs.9375.03
4	2022-23	Rs.15780.70
5	2023-24	Rs.20178.35

2019-20 से 2023-24 के दौरान महाराष्ट्र में 195 जनजातीय छात्रावासों का निर्माण किया गया और 303 जनजातीय छात्रावास निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा, 18 जनजातीय छात्रावासों का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। महाराष्ट्र में छात्रावास निर्माण की विस्तृत स्थिति संलग्न है।

अनुलग्नक

"महाराष्ट्र में जनजातीय छात्रावासों का निर्माण" पर डॉ नामदेव किरसान द्वारा 01.08.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या †1724 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

महाराष्ट्र में छात्रावास निर्माण की स्थिति का विवरण

क्र.सं.	वर्ष	डिवीजन	पूर्ण हो चुके छात्रावास भवनों की संख्या	निर्माणाधीन छात्रावास	छात्रावास अभी तक शुरू नहीं हुआ
1.	2019-20	नासिक	20	9	-
		ठाणे	1	4	-
		अमरावती	1	16	1
		चंद्रपुर	2	1	-
		कुल	24	30	1
2.	2020-21	नासिक	85	0	-
		ठाणे	1	1	-
		अमरावती	0	14	-
		चंद्रपुर	9	0	-
		कुल	95	15	0
3.	2021-22	नासिक	9	43	-
		ठाणे	2	8	-
		अमरावती	0	14	-
		चंद्रपुर	4	3	-
		कुल	15	68	0
4.	2022-23	नासिक	12	16	-
		ठाणे	6	12	-
		अमरावती	7	14	1
		चंद्रपुर	8	8	-
		कुल	33	50	1
5.	2023-24	नासिक	0	63	-
		ठाणे	1	22	7
		अमरावती	7	35	9
		चंद्रपुर	20	20	-
		कुल	28	140	16
कुल			195	303	18

*****